पुणेकर

कर्मचारी चयन मंडल (व्यापम), भोपाल द्वारा आयोजित

# मध्यप्रदेश

# अस्पताल सहायक भर्ती परीक्षा

# 15 प्रैक्टिस सेट

*हिन्दी *गणित* विज्ञान
*सामाजिक विज्ञान* अंग्रेजी


*आपकी सफलता का सहयोगी . . .*

**पुणेकर पब्लिकेशन्स**

*खजूरी बाजार–इन्दौर*

© **सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

- इस पुस्तक में दिए गए  किसी भी भाग के  लिए प्रकाशक /विक्रेता/मुद्रक/लेखक इस बात को कतई सुनिश्चित नही करता है कि इस पुस्तक के दी गई जानकारी अंतिम रुप से  पूर्ण है। पाठकों को यदि इस पुस्तक के किसी भी अंश या प्रश्न पर कोई संशय है तो वह अपन स्त्रोत के आधार पर उसका आकलन करे एवं यदि इस पुस्तक मे कोई विसंगति पाता है निम्न पते पर इस विसंगति को बताये जिससे कि आगामी संस्करण मे इस पुस्तक में सुधार किया जा सके।  इस पुस्तक को प्रकाशित करने में प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई हैं फिर भी किसी त्रुटि के लिए , परीक्षार्थी  को  होने वाले किसी भी संताप या नुकसान के लिए प्रकाशक/विक्रेता/ लेखक जिम्मेदार नहीं  होगा।
- इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी या विधि से, इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं  किया जा सकता है।

- इस पुस्तक का प्रकाशन प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी की दृष्टि से किया गया है। इस पुस्तक के लेखक/प्रकाशक/ विक्रेता का किसी भी समुदाय/व्यक्ति/संस्था/धर्म को किसी भी प्रकार से ठेस पहुँचाने का उद्देश्य नहीं है फिर भी यदि कहीं कोई त्रुटि हुई हो तो क्षमा करें।
- किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र  इन्दौर होगा।

- हम विश्वास करते हैं कि इस पुस्तक में छपी सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रुप से लिखी गई है। अगर कॉपीराइट उल्लंघन का कोई मामला सामने आता है तो प्रकाशक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।यह पुस्तक एन.सी.ई.आर.टी के पाठ्यक्रम पर आधारित है। सभी अध्याय एन.सी.ई.आर.टी. से साभार लिये गये है।

- संस्करण –**2026**

- **प्रकाशक : पुणेकर  पब्लिकेशन्स, इन्दौर**
  जी–7 राजगुरु काम्पलेक्स, खजूरी बाजार इन्दौर

- **www.punekarpublications.in**
- **punekerpublication@gmail.com**

## म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल,भोपाल द्वारा आयोजित

# अस्पताल सहायक

**(चतुर्थ श्रेणी) पद हेतु परीक्षा पाठ्यक्रम**

## 1. हिंदी

- **काव्य खंडः** सूरदास के पद, तुलसीदास (राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद), देव, जयशंकर प्रसाद, निराला, नागार्जुन।
- **गद्य खंड :** स्वयं प्रकाश (नेताजी का चश्मा), रामवृक्ष बेनीपुरी (बालगोविंद भगत), यशपाल (लखनवी अंदाज), मन्नू भंडारी (एक कहानी यह भी)।
- **व्याकरण :** रस, अलंकार, संधि, समास, लोकोक्तियाँ, मुहावरे, छंद (दोहा/चौपाई), कवि/लेखक परिचय।
- **रचनात्मक लेखन :** पत्र लेखन, निबंध, अपठित गद्यांश/पद्यांश।
- **कृतिका भाग 2ः** माता का आँचल, जॉर्ज पंचम की नाक, साना-साना हाथ जोड़ी।

## 2. गणित (Mathematics)

- वास्तविक संख्याएं, बहुपद, दो चर वाले रैखिक समीकरण, द्विघात समीकरण, समांतर श्रेणियां, त्रिभुज, निर्देशांक ज्यामिति, त्रिकोणमिति, वृत्त, पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन, सांख्यिकी और प्रायिकता।

## 3. विज्ञान (Science)

- रासायनिक अभिक्रियाएं, अम्ल-क्षारक, धातु और अधातु, कार्बनिक यौगिक, जैव प्रक्रम, नियंत्रण एवं समन्वय, प्रजनन, आनुवंशिकता, प्रकाश परावर्तन, मानव नेत्र, विद्युत, चुंबकीय प्रभाव, हमारा पर्यावरण।

## 4. सामाजिक विज्ञान (Social Science)

- **इतिहास :** यूरोप में राष्ट्रवाद, भारत में राष्ट्रवाद।
- **भूगोल :** संसाधन, वन एवं वन्यजीव, जल संसाधन, कृषि, खनिज, विनिर्माण उद्योग।
- **राजनीति :** सत्ता की साझेदारी, संघवाद, जाति-धर्म, लोकतंत्र।
- **अर्थशास्त्रः** विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, मुद्रा और साख, वैश्वीकरण।

## 5. अंग्रेजी (English)

- First Flight (Prose & Poetry), Footprints Without Feet, Grammar (Tenses, Modals, Determiners), Writing (Letters, Essays)

---

# विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-1 | 1-8 |
| 2. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-2 | 9-16 |
| 3. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-3 | 17-24 |
| 4. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-4 | 25-33 |
| 5. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-5 | 34-41 |
| 6. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-6 | 42-49 |
| 7. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-7 | 50-56 |
| 8. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-8 | 57-63 |
| 9. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-9 | 64-71 |
| 10. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-10 | 72-79 |
| 11. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-11 | 80-86 |
| 12. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-12 | 87-93 |
| 13. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-13 | 94-100 |
| 14. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-14 | 101-108 |
| 15. | अस्पताल सहायक प्रैक्टिस सेट-15 | 109-115 |

# अस्पताल सहायक (चतुर्थ श्रेणी)
# प्रैक्टिस सेट-1

**1. गोपियों ने उद्धव को 'बड़भागी' कहकर क्या प्रकट किया है?**
(अ) सम्मान (ब) प्रेम
(स) व्यंग्य (द) ईर्ष्या

**2. उद्धव के व्यवहार की तुलना किससे की गई है?**
(अ) कमल के पत्ते से (ब) तेल की गागर से
(स) कड़वी ककड़ी से (द) (अ) और (ब) दोनों से

**3. गोपियों ने अपने प्रेम की तुलना चींटियों और गुड़ से क्यों की है?**
(अ) वे मीठा पसंद करती हैं
(ब) वे स्वयं को चींटी मानती हैं
(स) वे कृष्ण के प्रेम में पूरी तरह आसक्त हैं
(द) वे कृष्ण से दूर रहना चाहती हैं

**4. 'हारिल की लकरी' से गोपियों का क्या तात्पर्य है?**
(अ) एक विशेष प्रकार का खिलौना
(ब) कृष्ण के प्रति उनका अटूट विश्वास
(स) उद्धव का योग संदेश
(द) मथुरा की एक वस्तु

**5. गोपियों को उद्धव का 'योग संदेश' कैसा प्रतीत होता है?**
(अ) अमृत के समान (ब) शहद की तरह मीठा
(स) कड़वी ककड़ी के समान (द) हारिल की लकड़ी जैसा

**6. गोपियों के अनुसार सच्चा 'राजधर्म' क्या है?**
(अ) प्रजा को दंड देना (ब) प्रजा को न सताना
(स) कर (Tax) वसूलना (द) युद्ध जीतना

**7. 'मधुकर' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
(अ) श्री कृष्ण के लिए (ब) उद्धव के लिए
(स) नंद बाबा के लिए (द) एक असली भौंरे के लिए

**8. गोपियों ने कृष्ण पर क्या आरोप लगाया है?**
(अ) वे रास्ता भूल गए हैं
(ब) उन्होंने अब 'राजनीति' पढ़ ली है
(स) वे बीमार हैं (द) वे बाँसुरी बजाना भूल गए हैं

**9. गोपियों के अनुसार उद्धव को 'योग' की शिक्षा किन लोगों को देनी चाहिए?**
(अ) जो कृष्ण से प्रेम करते हैं
(ब) जिनका मन स्थिर नहीं है (चक्री के समान)
(स) जो बहुत ज्ञानी हैं (द) जो मथुरा में रहते हैं

**10. 'मरजादा न लही' के माध्यम से किस मर्यादा के उल्लंघन की बात की गई है?**
(अ) सामाजिक मर्यादा (ब) प्रेम की मर्यादा
(स) कुल की मर्यादा (स) राजसी मर्यादा

**11. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है?**
(अ) अयोध्या कांड (ब) बाल कांड
(स) सुंदर कांड (द) लंका कांड

**12. परशुराम ने अपनी भुजाओं के बल पर पृथ्वी को जीतकर किसे दान कर कर दिया था?**
(अ) राजा जनक को (ब) देवताओं को
(स) ब्राह्मणों (महिदेवों) को (द) विश्वामित्र को

**13. लक्ष्मण ने परशुराम के क्रोध की तुलना किससे की और राम के वचनों की तुलना किससे की?**
(अ) अग्नि और जल (ब) फूल और पत्थर
(स) दिन और रात (द) आकाश और पाताल

**14. 'कुम्हड़बतिया' शब्द का प्रयोग लक्ष्मण ने किसके लिए किया है?**
(अ) श्री राम के लिए (ब) स्वयं के लिए
(स) निर्बल व्यक्ति के लिए (द) सीता के लिए

**15. परशुराम के अनुसार उनका सबसे बड़ा शत्रु (रिपु) कौन है?**
(अ) रावण (ब) सहस्रबाहु
(स) राजा जनक (द) राजा दशरथ

**16. लक्ष्मण के अनुसार वीर योद्धा की क्या पहचान है?**
(अ) वह युद्ध के मैदान में अपनी प्रशंसा करता है
(ब) वह युद्ध में अपनी वीरता दिखाता है, डींगें नहीं मारता
(स) वह ब्राह्मणों पर वार करता है
(द) वह शत्रु को देखकर भाग जाता है

**17. 'भृगुकुलकेतू' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
(अ) श्री राम (ब) लक्ष्मण
(स) परशुराम (स) विश्वामित्र

**18. विश्वामित्र के लिए पाठ में कौन-सा नाम प्रयुक्त हुआ है?**
(अ) भृगुवर (ब) गाधिसूनु या कौसिक
(स) महीसकिसोर (द) महिदेव

**19. 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**
(अ) अनुप्रास (ब) उपमा
(स) रूपक (द) उत्प्रेक्षा

**20. तुलसीदास जी ने 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में की है?**
(अ) ब्रजभाषा (ब) संस्कृत
(स) अवधी (द) मैथिली

**21. यूक्लिड विभाजन प्रमेयिका के अनुसार, दो धनात्मक पूर्णांक $a$ और $b$ के लिए ऐसी अद्वितीय पूर्ण संख्याएँ $q$ और $r$ प्राप्त होती हैं कि $a = bq + r$, जहाँ $r$ को संतुष्ट करना चाहिएः**
(अ) $0 < r < b$
(ब) शेषफल $(r)$ हमेशा शून्य के बराबर या बड़ा होता है, लेकिन भाजक $(b)$ से हमेशा छोटा होता है।
(स) शेषफल $(r)$ हमेशा शून्य के बराबर या छोटा होता है, लेकिन भाजक $(b)$ से हमेशा बड़ा होता है।
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **अंकगणित की आधारभूत प्रमेय (Fundamental Theorem of Arithmetic) के अनुसार, प्रत्येक भाज्य संख्या (Composite Number) को किसके गुणनफल के रूप में व्यक्त किया जा सकता है?**
(अ) सम संख्याएँ (ब) विषम संख्याएँ
(स) अभाज्य संख्याएँ (Prime Numbers)
(द) केवल 1 और स्वयं वह संख्या

23. **यदि $p$ एक अभाज्य संख्या है और $p$, $a^2$ को विभाजित करती है, तो $p$ निम्न में से किसे अवश्य विभाजित करेगी? (जहाँ $a$ एक धनात्मक पूर्णांक है)**
(अ) $\sqrt{a}$ (ब) $a$
(स) $a + 1$ (द) $2a$

24. **संख्या $\sqrt{2}$ किस प्रकार की संख्या है?**
(अ) परिमेय संख्या (Rational Number)
(ब) पूर्णांक (Integer)
(स) अपरिमेय संख्या (Irrational Number)
(द) सांत दशमलव (Terminating Decimal)

25. **एक परिमेय संख्या $\frac{p}{q}$ का दशमलव प्रसार 'सांत' (Terminating) होता है, यदि $q$ का अभाज्य गुणनखंडन इस रूप का होः**
(अ) $2^n 3^m$
(ब) $3^n 5^m$
(स) $2^n 5^m$ (जहाँ $n, m$ ऋणेतर पूर्णांक हैं)
(द) $5^n 7^m$

26. **किन्हीं दो धनात्मक पूर्णांकों $a$ और $b$ के लिए, HCF(a, b) × LCM (a, b) का मान क्या होगा?**
(अ) $a + b$ (ब) $a - b$
(स) $a \times b$ (द) $a / b$

27. **संख्या $4^n$ (जहाँ n एक प्राकृत संख्या है) कभी भी शून्य (0) पर समाप्त नहीं हो सकती क्योंकि इसके गुणनखंड में निम्न में से कौन-सी अभाज्य संख्या नहीं आती?**
(अ) 2 (ब) 3
(स) 5 (द) 7

28. **प्रत्येक धनात्मक सम पूर्णांक किस रूप का होता है? (जहाँ q कोई पूर्णांक है)**
(अ) 2q (ब) 2q + 1
(स) q + 1 (द) 3q

29. **यूक्लिड विभाजन एल्गोरिथ्म का प्रयोग मुख्यतः क्या परिकलित करने के लिए किया जाता है?**
(अ) LCM (ब) HCF
(स) भागफल (द) अभाज्य गुणनखंड

30. **$\frac{1}{7}$ का दशमलव प्रसार कैसा है?**
(अ) सांत
(ब) असांत आवर्ती (Non-terminating repeating)
(स) असांत अनावर्ती
(द) इनमें से कोई नहीं

31. **संख्या 156 को अभाज्य गुणनखंडों के गुणनफल के रूप में कैसे लिखा जा सकता है?**
(अ) $2^2 \times 3 \times 13$ (ब) $2 \times 3^2 \times 13$
(स) $2^2 \times 3^2 \times 11$ (द) $2 \times 3 \times 13$

32. **दो संख्याओं 96 और 404 का HCF क्या होगा?**
(अ) 2 (ब) 4
(स) 96 (द) 101

33. **यदि HCF (306, 657) = 9 है, तो LCM (306, 657) का मान होगाः**
(अ) 22338 (ब) 23328
(स) 22833 (द) 3060

34. **प्रत्येक धनात्मक विषम पूर्णांक को $4q+1$ या किसके रूप में लिखा जा सकता है?**
(अ) $4q + 2$ (ब) $4q + 3$
(स) $4q + 5$ (द) $4q$

35. **यदि टोकरी में अंडों को सात-सात (7-7) करके गिना जाता है, तो कितने अंडे शेष बचते हैं?**
(अ) 1 (ब) 5
(स) 0 (कुछ नहीं) (द) 3

36. **अंकगणित की आधारभूत प्रमेय की सही उपपत्ति सबसे पहले किसने दी थी?**
(अ) यूक्लिड (ब) आर्किमिडीज़
(स) कार्ल फ्रेड्रिक गॉस (द) अल-ख्वारिज़्मी

37. **'विरोधोक्ति द्वारा उपपत्ति' (Proof by Contradiction) तकनीक का प्रयोग किसे सिद्ध करने के लिए किया जाता है?**
(अ) HCF निकालने के लिए
(ब) संख्याओं की अपरिमेयता सिद्ध करने के लिए
(स) भागफल ज्ञात करने के लिए
(द) बहुपद हल करने के लिए

38. **संख्या $\pi$ (पाई) किस प्रकार की संख्या है?**
(अ) परिमेय संख्या (ब) पूर्णांक
(स) अपरिमेय संख्याद्र (द) प्राकृत संख्या

39. **दो धनात्मक पूर्णांकों $c$ और $d$ ($c > d$) का HCF निकालने के पहले चरण में हम क्या लिखते हैं?**
(अ) $c = dq + r$ (ब) $d = cq + r$
(स) $c + d = q$ (द) $c \times d = r$

40. **यदि किसी परिमेय संख्या का हर ($q$), $2^n 5^m$ के रूप का नहीं है, तो उसका दशमलव प्रसार कैसा होगा?**
(अ) सांत (ब) असांत आवर्ती
(स) सांत आवर्ती (द) शून्य

41. **मैग्नीशियम रिबन को वायु में जलाने पर वह किस रंग के चूर्ण में परिवर्तित हो जाता है?**
(अ) काले रंग के (ब) नीले रंग के
(स) श्वेत (सफ़ेद) रंग के (द) भूरे रंग के

42. **किसी रासायनिक अभिक्रिया में अभिकारकों को उत्पाद में परिवर्तन दिखाने के लिए उनके मध्य किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है?**
(अ) धन (+) का चिह्न (ब) ऋण (–) का चिह्न
(स) बराबर (=) का चिह्न (द) तीर ($\rightarrow$) का निशान

43. द्रव्यमान के संरक्षण के नियम के अनुसार, किसी रासायनिक अभिक्रिया में किसका निर्माण या विनाश नहीं होता?
(अ) आयतन का (ब) द्रव्यमान का
(स) तापमान का (द) रंग का

44. ऐसी अभिक्रिया जिसमें दो या दो से अधिक अभिकारक मिलकर 'एकल उत्पाद' का निर्माण करते हैं, क्या कहलाती है?
(अ) वियोजन अभिक्रिया (ब) विस्थापन अभिक्रिया
(द) संयोजन अभिक्रिया (द) द्विविस्थापन अभिक्रिया

45. श्वसन (Respiration) को किस प्रकार की अभिक्रिया माना जाता है?
(अ) ऊष्माशोषी अभिक्रिया (ब) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया
(द) वियोजन अभिक्रिया (द) इनमें से कोई नहीं

46. सिल्वर क्लोराइड को सूर्य के प्रकाश में रखने पर वह श्वेत रंग से बदलकर किस रंग का हो जाता है?
(अ) लाल (ब) नीला
(स) धूसर (Grey) (द) पीला

47. जब कोई एक तत्व दूसरे तत्व को उसके यौगिक से हटा देता है, तो उसे कौन-सी अभिक्रिया कहते हैं?
(अ) विस्थापन अभिक्रिया (ब) संयोजन अभिक्रिया
(स) द्विविस्थापन अभिक्रिया (द) अवक्षेपण अभिक्रिया

48. चिप्स की थैली में से ऑक्सीजन हटाकर कौन-सी गैस भरी जाती है ताकि चिप्स का उपचयन न हो सके?
(अ) हाइड्रोजन (ब) हीलियम
(स) नाइट्रोजन (द) कार्बन डाइऑक्साइड

49. लोहे पर लालिमायुक्त भूरे रंग की परत चढ़ने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(अ) विकृतगंधिता (ब) जंग लगना (संक्षारण)
(स) उपचयन (द) वियोजन

50. वसायुक्त खाद्य सामग्री के स्वाद और गंध का बदल जाना क्या कहलाता है?
(अ) संक्षारण (ब) वियोजन
(स) विकृतगंधिता (द) अपचयन

51. बिना बुझे हुए चूने (कैल्सियम ऑक्साइड) की जल के साथ अभिक्रिया किस प्रकार की है?
(अ) ऊष्माशोषी (ब) ऊष्माक्षेपी
(स) वियोजन (द) प्रकाश रासायनिक

52. बुझे हुए चूने के विलयन का उपयोग दीवारों की सफ़ेदी करने के लिए किया जाता है। सफ़ेदी के बाद दीवारों पर चमक किस पदार्थ के बनने के कारण आती है?
(अ) कैल्सियम ऑक्साइड (ब) कैल्सियम कार्बोनेट
(स) कैल्सियम सल्फेट (द) कैल्सियम नाइट्रेट

53. फेरस सल्फेट क्रिस्टल ($FeSO_4 \times 7H_2O$) को गर्म करने पर उसका रंग कैसा हो जाता है?
(अ) नीला (ब) काला
(स) लाल (द) हरे से बदल जाता है

54. लेड नाइट्रेट के तापन से कौन-सी भूरे रंग की गैस उत्सर्जित होती है?
(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
(स) सल्फर डाइऑक्साइड (द) हाइड्रोजन

55. जल के वैद्युत अपघटन में कैथोड पर कौन-सी गैस एकत्रित होती है?
(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन
(स) हाइड्रोजन (द) क्लोरीन

56. श्याम-श्वेत फ़ोटोग्राफी में किस पदार्थ की वियोजन अभिक्रिया का उपयोग किया जाता है?
(अ) AgCl और AgBr (ब) PbO और $Pb(NO_3)_2$
(स) $FeSO_4$ और $Fe_2O_3$ (द) CaO और $CaCO_3$

57. ऐसी अभिक्रियाएँ जिनमें ऊष्मा का अवशोषण होता है, क्या कहलाती हैं?
(अ) ऊष्माक्षेपी (ब) संयोजन
(स) ऊष्माशोषी (द) विस्थापन

58. कॉपर चूर्ण को गर्म करने पर उसकी सतह पर काली परत चढ़ जाती है। यह काली परत क्या है?
(अ) कॉपर सल्फेट (ब) कॉपर कार्बोनेट
(स) कॉपर ऑक्साइड (द) कॉपर क्लोराइड

59. रेडॉक्स (Redox) अभिक्रिया का क्या अर्थ है?
(अ) केवल उपचयन होना
(ब) केवल अपचयन होना
(स) उपचयन और अपचयन दोनों साथ-साथ होना
(द) गैस का उत्सर्जन होना

60. सब्जियों (वनस्पति द्रव्य) का विघटित होकर कंपोस्ट बनना किस प्रकार की अभिक्रिया का उदाहरण है?
(अ) ऊष्माशोषी (ब) ऊष्माक्षेपी
(स) विस्थापन (द) संयोजन

61. 1848 में 'जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्रों' के स्वप्न को चार चित्रों की श्रृंखला में किसने चित्रित किया था?
(अ) अर्न्स्ट रेनन (ब) फ्रेडरिक सॉरयू
(स) ज्युसेपे मेत्सिनी (द) लॉर्ड बायरन

62. 'कल्पनादर्श' (युटोपिया) से क्या तात्पर्य है?
(अ) एक सैन्य शासन व्यवस्था
(ब) एक दमनकारी सरकार
(स) एक ऐसे समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है कि उसका साकार होना लगभग असंभव है
(द) एक ऐसी राजशाही जहाँ राजा की सत्ता पर कोई अंकुश न हो

63. फ्रांसीसी दार्शनिक अर्न्स्ट रेनन के अनुसार 'राष्ट्र' की मुख्य विशेषता क्या है?
(अ) समान भाषा और नस्ल का होना
(ब) एक ही धर्म का पालन करना
(स) एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहना
(द) लंबे प्रयासों, त्याग और निष्ठा का चरम बिंदु होना

64. 1789 की फ्रांसीसी क्रांति के समय फ्रांस में किस प्रकार की शासन व्यवस्था थी?
(अ) प्रजातंत्र (ब) निरंकुश राजतंत्र
(स) संवैधानिक राजतंत्र (द) कुलीन तंत्र

**65. 'नेपोलियन की संहिता' (1804) का मुख्य उद्देश्य क्या था?**
(अ) राजतंत्र को समाप्त करना
(ब) जन्म पर आधारित विशेषाधिकारों को समाप्त करना और कानून के समक्ष बराबरी लाना
(स) महिलाओं को पूर्ण राजनीतिक अधिकार देना
(द) सेंसरशिप को लागू करना

**66. 1834 में प्रशा की पहल पर स्थापित 'जॉलवेराइन' (Zollverein) क्या था?**
(अ) एक राजनीतिक संगठन
(ब) एक सैन्य गठबंधन
(स) एक शुल्क संघ (Customs Union)
(द) एक धार्मिक संस्था

**67. 1815 में नेपोलियन की हार के बाद आयोजित 'वियना कांग्रेस' की मेजबानी किसने की थी?**
(अ) ऑटो वॉन बिस्मार्क (ब) ड्यूक मैटरनिख
(स) लुई फिलिप (द) विक्टर इमेनुएल-II

**68. ज्युसेपे मेत्सिनी ने 'यंग इटली' नामक गुप्त संगठन की स्थापना कहाँ की थी?**
(अ) बर्न (ब) जेनोआ
(स) मार्सेई (द) रोम

**69. जर्मन एकीकरण की प्रक्रिया का जनक (आर्किटेक्ट) किसे माना जाता है?**
(अ) विलियम प्रथम (ब) फ्रेडरीक विल्हेम चतुर्थ
(स) ऑटो वॉन बिस्मार्क (द) कावूर

**70. जर्मन राष्ट्र के रूपक (Allegory) के रूप में किसे चित्रित किया गया है, जो बलूत के पत्तों का मुकुट पहनती है?**
(अ) मारीआन (ब) जर्मेनिया
(स) ब्रिटानिया (द) लिबर्टी

**71. 'जब फ्रांस छींकता है, तो बाक़ी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।' यह प्रसिद्ध टिप्पणी किसने की थी?**
(अ) ज्युसेपे मेत्सिनी (ब) लुई फ़िलिप
(स) ड्यूक मैटरनिख (द) ऑटो वॉन बिस्मार्क

**72. 1832 की किस संधि ने यूनान (ग्रीस) को एक स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता दी?**
(अ) वियना की संधि (ब) कुस्तुनतुनिया की संधि
(स) वर्साय की संधि (द) ऐक्ट ऑफ यूनियन

**73. 'यंग यूरोप' नामक भूमिगत संगठन की स्थापना कहाँ की गई थी?**
(अ) मार्सेई (ब) बर्न
(स) वियना (द) पेरिस

**74. जर्मन दार्शनिक योहान गॉटफ़्रीड के अनुसार, सच्ची जर्मन संस्कृति किसमें निहित थी?**
(अ) राजदरबारों में (ब) सैन्य बल में
(स) आम लोगों (Das Volk) में (द) केवल शिक्षित मध्यवर्ग में

**75. 1848 की फ्रांसीसी क्रांति के बाद किस शासक को गद्दी छोड़नी पड़ी?**
(अ) नेपोलियन बोनापार्ट (ब) लुई सोलहवाँ
(स) लुई फ़िलिप (द) विक्टर इमेनुएल

**76. 18 मई 1848 को आयोजित 'फ्रैंकफर्ट संसद' की सभा कहाँ बुलाई गई थी?**
(अ) वर्साय के महल में (ब) सेंट पॉल चर्च में
(स) बास्टील के किले में (द) पेरिस के टाउन हॉल में

**77. जर्मन एकीकरण के समय 'प्रशा' के किस सम्राट को एकीकृत जर्मनी का राजा घोषित किया गया?**
(अ) विलियम प्रथम (ब) फ्रेडरीक विल्हेम चतुर्थ
(स) बिस्मार्क (द) काइज़र लुई

**78. सार्डिनिया-पीडमॉण्ट का वह प्रमुख मंत्री कौन था जिसने इटली के एकीकरण के आंदोलन का नेतृत्व किया?**
(अ) ज्युसेपे मेत्सिनी (ब) ज्युसेपे गैरीबॉल्डी
(स) विक्टर इमेनुएल (द) काउंट कैमिलो दे कावूर

**79. स्कॉटलैंड पर इंग्लैंड का प्रभुत्व किस अधिनियम (Act) के तहत स्थापित हुआ?**
(अ) नेपोलियन की संहिता
(ब) ऐक्ट ऑफ यूनियन (1707)
(स) कुस्तुनतुनिया की संधि
(द) प्रेस की स्वतंत्रता का कानून

**80. 1871 के बाद यूरोप में गंभीर राष्ट्रवादी तनाव का मुख्य स्रोत कौन-सा क्षेत्र था?**
(अ) राइनलैंड (ब) सिलेसिया
(स) बाल्कन क्षेत्र (द) प्रशिया

**81. Where was Lencho's house located?**
(A) At the foot of a high mountain
(B) In a busy city valley
(C) On the crest of a low hill
(D) Deep inside a thick forest

**82. What was the only thing the earth needed according to Lencho?**
(A) Strong fertilizers
(B) A tractor for tilling
(C) New seeds for the harvest
(D) A downpour or at least a shower

**83. What did Lencho compare the large raindrops to?**
(A) Silver coins (B) Frozen pearls
(C) New coins (ten cent pieces) (D) Diamonds

**84. What destroyed Lencho's field of ripe corn?**
(A) A plague of locusts
(B) A violent hailstorm
(C) A severe drought
(D) Flooding from the river

**85. How much money did Lencho ask God for in his first letter?**
(A) Seventy pesos (B) A hundred pesos
(C) One thousand pesos (D) Fifty pesos

**86. What kind of a man was the postmaster described as?**
(A) Mean and stingy
(B) Fat and amiable
(C) Rude and unhelpful
(D) Serious and religious

**87. Why did the postmaster decide to answer Lencho's letter?**

(A) He wanted to play a trick on Lencho.

(B) He hoped God would send him a reward.

(C) He did not want to shake the writer's faith in God.

(D) He wanted to prove that God does not exist.

**88. How much money was the postmaster able to gather for Lencho?**

(A) Exactly a hundred pesos (B) Only fifty pesos

(C) Seventy pesos (D) Thirty pesos

**89. In his second letter, what did Lencho call the post office employees?**

(A) A bunch of crooks (B) Helpful angels

(C) Kind-hearted friends (D) Lazy workers

**90. In the poem "Dust of Snow," what is a "hemlock tree"?**

(A) A beautiful tree like an oak

(B) A poisonous plant with small white flowers

(C) A giant redwood tree

(D) A fruit-bearing tree

**91. On which date did the inauguration ceremony of South Africa's first democratic government take place?**

(A) 10th May 1994 (B) 10th March 1994

(C) 20th May 1994 (D) 10th May 1990

**92. What political system separates people according to their race?**

(A) Democracy (B) Apartheid

(C) Monarchy (D) Dictatorship

**93. Where did the inauguration ceremonies take place?**

(A) The Pretoria Stadium

(B) The Nelson Mandela Museum

(C) The Union Buildings amphitheatre in Pretoria

(D) The Johannesburg City Hall

**94. According to Nelson Mandela, what is the "greatest wealth" of his country?**

(A) Gold and silver (B) Minerals and gems

(C) Its people (D) Purest diamonds

**95. What did Mandela learn about the meaning of courage?**

(A) Courage is the absence of fear

(B) Courage is the triumph over fear

(C) Courage is being physically strong

(D) Courage is never feeling afraid

**96. Nelson Mandela mentions "twin obligations" that every man has. These are obligations to:**

(A) Family and God

(B) Self and Career

(C) Family and People/Country

(D) Education and Wealth

**97. How does Mandela describe the man who takes away another man's freedom?**

(A) A hero of justice (B) A prisoner of hatred

(C) A brave soldier (D) A liberator

**98. In the poem "A Tiger in the Zoo," where should the tiger be "lurking" according to the poet?**

(A) In a concrete cell

(B) Behind the bars

(C) In shadow, sliding through long grass

(D) Near the visitors

**99. What does the tiger stare at with his "brilliant eyes" at night?**

(A) The patrolling cars (B) The zoo keepers

(C) The brilliant stars (D) The other animals

**100. What "human disaster" does Mandela refer to at the beginning of his speech?**

(A) The Anglo-Boer War

(B) The policy of Apartheid

(C) The Great Depression

(D) A natural calamity

# उत्तर व्याख्या सहित

1. (स) गोपियाँ उद्धव को भाग्यवान (बड़भागी) कहकर वास्तव में उनका उपहास उड़ा रही हैं। उनका मानना है कि उद्धव कृष्ण के पास रहकर भी उनके प्रेम के धागे से नहीं बँध पाए और न ही उनके मन में कृष्ण के प्रति अनुराग पैदा हुआ, इसलिए वे एक तरह से 'दुर्भाग्यशाली' ही हैं।

2. (स) गोपियों ने उद्धव की तुलना जल के भीतर रहने वाले कमल के पत्ते (पुरइनि पात) से की है जो पानी में रहकर भी गीला नहीं होता। साथ ही, उनकी तुलना तेल की गागर से की गई है जिस पर पानी की एक बूंद भी नहीं टिकती। ये दोनों उदाहरण उद्धव की प्रेम-विहीन अवस्था को दर्शाते हैं।

3. (स) जिस प्रकार चींटी गुड़ के प्रति आकर्षित होकर उससे लिपट जाती है और अपनी जान दे देती है पर अलग नहीं होती, उसी प्रकार गोपियाँ भी कृष्ण के प्रेम में इस तरह लीन हैं कि वे उनसे अलग नहीं हो सकतीं।

4. (ब) हारिल एक ऐसा पक्षी है जो अपने पंजों में सदैव एक लकड़ी दबाए रहता है और उसे कभी नहीं छोड़ता। गोपियों ने भी मन, कर्म और वचन से कृष्ण को अपने हृदय में हारिल की लकड़ी की तरह मजबूती से थाम रखा है।

5 (स) विरह की वेदना झेल रही गोपियों को कृष्ण के प्रेम की आशा थी, लेकिन जब उद्धव ने उन्हें योग और ज्ञान का शुष्क उपदेश

दिया, तो वह उन्हें कड़वी ककड़ी (करुई ककरी) की तरह अरुचिकर और कष्टदायक लगा।

6. (ब) सूरदास ने गोपियों के माध्यम से लोकधर्मिता का संदेश दिया है। पद के अंत में गोपियाँ कहती हैं कि राजा का वास्तविक धर्म वही है जिसमें उसकी प्रजा को किसी भी प्रकार से सताया न जाए और उनके सुखों का ध्यान रखा जाए।
7. (ब) 'भ्रमरगीत' प्रसंग में जब उद्धव गोपियों को योग का संदेश दे रहे थे, तभी वहाँ एक भौंरा आ पहुँचा। गोपियों ने उस भौंरे (मधुकर) के माध्यम से उद्धव पर व्यंग्य बाण छोड़े, इसलिए यहाँ 'मधुकर' का संबोधन उद्धव के लिए है।
8. (ब) गोपियाँ कहती हैं कि पहले ही कृष्ण बहुत चतुर थे, लेकिन अब मथुरा जाकर उन्होंने राजनीति के बड़े-बड़े ग्रंथ पढ़ लिए हैं। इसीलिए वे सीधे न आकर उद्धव को योग का संदेश लेकर भेज रहे हैं ताकि वे अपने वादे से मुकर सकें।
9. (ब) गोपियाँ कहती हैं कि हमारा मन तो कृष्ण के प्रेम में एकाग्र और स्थिर है। योग की आवश्यकता तो उन लोगों को है जिनका मन भटकता रहता है या चक्री की तरह चंचल और अस्थिर रहता है।
10. (ब) प्रेम की मर्यादा यह है कि प्रेम के बदले प्रेम दिया जाए और दिए गए वचन को निभाया जाए। लेकिन कृष्ण ने स्वयं न आकर और योग का संदेश भेजकर प्रेम की इस मर्यादा का पालन नहीं किया, जिससे गोपियाँ आहत हैं।
11. (ब) यह प्रसंग सीता स्वयंवर के समय का है, जब श्री राम ने शिव-धनुष तोड़ा था। रामचरितमानस की कथा के अनुसार यह घटना 'बाल कांड' के अंतर्गत आती है।
12. (स) परशुराम ने क्रोध में आकर कहा कि उन्होंने अपनी भुजाओं के बल से इस पृथ्वी को कई बार राजाओं से विहीन कर दिया और उसे 'महिदेवों' (ब्राह्मणों) को दान में दे दिया।
13. (अ) लक्ष्मण का उत्तर, आग में आहुति के समान थे जिससे परशुराम का क्रोध (अग्नि) बढ़ रहा था, तब श्री राम ने 'जल' के समान शीतल वचन बोलकर उस क्रोध को शांत किया।
14. (स) लक्ष्मण कहते हैं कि यहाँ कोई 'कुम्हड़बतिया' (कुम्हड़े का छोटा फल या बहुत निर्बल व्यक्ति) नहीं है, जो तर्जनी उँगली दिखाने मात्र से मुरझा जाए या मर जाए।
15. (ब) परशुराम बार-बार कहते हैं कि जिसने भी शिव-धनुष तोड़ा है, वह 'सहसबाहु' (सहस्रबाहु) के समान ही मेरा प्रबल शत्रु है।
16. (ब) लक्ष्मण कहते हैं कि 'शूरवीर' युद्ध में कार्य (युद्ध) करके दिखाते हैं, वे केवल बातों से अपनी वीरता का बखान नहीं करते। अपनी प्रशंसा केवल कायर लोग करते हैं।
17. (स) 'भृगुकुलकेतू' का अर्थ है भृगु वंश की पताका (ध्वजा) के समान। परशुराम भृगु ऋषि के वंशज थे, इसलिए उन्हें इस नाम से संबोधित किया गया है।
18. (ब) विश्वामित्र को 'कौसिक' और उनके पिता गाधि के नाम पर 'गाधिसूनु' (गाधि का पुत्र) कहा गया है।
19. (ब) यहाँ परशुराम के वचनों की तुलना 'कोटि कुलिस' (करोड़ों वज्र) से की गई है। 'सम' वाचक शब्द का प्रयोग होने के कारण यहाँ उपमा अलंकार है।
20. (स) तुलसीदास का अवधी और ब्रज दोनों पर अधिकार था, लेकिन उन्होंने अपने महाकाव्य 'रामचरितमानस' की रचना अवधी भाषा में की है।
21. (ब) यूक्लिड विभाजन प्रमेयिका के अनुसार, शेषफल (r) हमेशा शून्य के बराबर या बड़ा होता है, लेकिन भाजक(b) से हमेशा छोटा होता है।
22. (स) अंकगणित की आधारभूत प्रमेय कहती है कि हर भाज्य संख्या को अभाज्य संख्याओं के गुणनफल के रूप में अद्वितीय तरीके से लिखा जा सकता है।
23. (ब) यदि कोई अभाज्य संख्या किसी संख्या के वर्ग को विभाजित करती है, तो वह उस संख्या को भी विभाजित करेगी।
24. (स)'विरोधोक्ति द्वारा उपपत्ति' (Proof by contradiction) के माध्यम से सिद्ध किया गया है कि $\sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है।
25. (स) परिमेय संख्या सांत तभी होती है जब उसके हर (q) के अभाज्य गुणनखंड केवल 2 और 5 की घातों के रूप में हों।
26. (स) यह एक महत्वपूर्ण सूत्र है कि दो संख्याओं के HCF और LCM का गुणनफल उन दोनों संख्याओं के गुणनफल के बराबर होता है।
27. (स) किसी संख्या के शून्य पर समाप्त होने के लिए उसके अभाज्य गुणनखंडन में 2 और 5 दोनों का होना अनिवार्य है। $4^n = (2)^{2n}$ में केवल 2 आता है, 5 नहीं।
28. (अ) सम पूर्णांक वे होते हैं जो 2 से विभाज्य हों, इसलिए इन्हें $2q$ के रूप में व्यक्त किया जाता है।
29. (ब) यूक्लिड विभाजन एल्गोरिथ्म दो धनात्मक पूर्णांकों का महत्तम समापवर्तक (HCF) निकालने की एक तकनीक है।
30. (ब) क्योंकि 1/7 के हर (7) में 2 या 5 का गुणनखंड नहीं है, इसलिए इसका दशमलव प्रसार कभी समाप्त नहीं होता और अंकों की पुनरावृत्ति होती है।
31. (अ) 156 का अभाज्य गुणनखंडन करने पर:
$156 = 2 \times 78$
$= 2 \times 2 \times 39$
$= 2^2 \times 3 \times 13$ प्राप्त होता है।
32. (ब) $96 = 2^5 \times 3$ और $404 = 2^2 \times 101$ है। दोनों में उभयनिष्ठ अभाज्य गुणनखंड की सबसे छोटी घात $2^2 = 4$ है।
33. (अ) सूत्र LCM = (a × b) / HCF का प्रयोग करने पर:
$$= \frac{306 \times 657}{9} = 22338$$
34. (ब) विभाजन प्रमेयिका के अनुसार, यदि b =4 है, तो विषम पूर्णांक $4q+1$ या $4q+3$ के रूप के होते हैं (क्योंकि $4q$ और $4q+2$ सम हैं)।
35. (स) सात-सात गिनने पर कुछ नहीं बचेगा, जिसका अर्थ है शेषफल 0 है।
36. (स) कार्ल फ्रेड्रिक गॉस ने अपनी कृति 'डिसक्वीशंस अरिथिमेटिकी' में इस प्रमेय की पहली सही उपपत्ति दी थी।
37. (B) $\sqrt{2}, \sqrt{3}$ आदि को अपरिमेय सिद्ध करने के लिए हम पहले उन्हें परिमेय मान लेते हैं और फिर विरोधाभास दिखाते हैं।
38. (C) $\pi$ अपरिमेय संख्याओं का एक प्रमुख उदाहरण है।

39. (अ) यूक्लिड विभाजन प्रमेयिका का पहला चरण बड़ी संख्या को छोटी संख्या के भाजक और शेषफल के रूप में लिखना है।
40. (ब) यदि हर में 2 और 5 के अलावा कोई अन्य अभाज्य संख्या है, तो प्रसार असांत आवर्ती होता है।
41. (स) मैग्नीशियम रिबन चमकदार श्वेत लौ के साथ जलता है और ऑक्सीजन से क्रिया करके मैग्नीशियम ऑक्साइड का श्वेत चूर्ण बनाता है।
42. (द) तीर का सिरा उत्पाद की ओर होता है और यह अभिक्रिया होने की दिशा को दर्शाता है।
43. (ब) द्रव्यमान के संरक्षण के नियम के अनुसार, अभिक्रिया के पहले और उसके पश्चात प्रत्येक तत्व के परमाणुओं की संख्या समान रहती है।
44. (स) जब दो या अधिक पदार्थ संयोग करके केवल एक नया उत्पाद बनाते हैं, तो उसे संयोजन अभिक्रिया कहते हैं।
45. (ब) श्वसन के दौरान हमारे शरीर की कोशिकाओं में ग्लूकोज़ ऑक्सीजन से मिलकर ऊर्जा प्रदान करता है, इसलिए यह एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।
46. (स) प्रकाश की उपस्थिति में सिल्वर क्लोराइड का सिल्वर और क्लोरीन में वियोजन हो जाता है, जिससे उसका रंग धूसर हो जाता है।
47. (अ) अधिक क्रियाशील तत्व (जैसे लोहा) कम क्रियाशील तत्व (जैसे कॉपर) को उसके विलयन से विस्थापित कर देता है।
48. (स) नाइट्रोजन एक कम सक्रिय गैस है जो तैलीय पदार्थों को उपचयित (खराब) होने से बचाती है।
49. (ब) जब धातु नमी या वायु के संपर्क में आती है, तो उसकी सतह धीरे-धीरे खराब होने लगती है, जिसे संक्षारण कहते हैं।
50. (स) तैलीय खाद्य पदार्थ जब हवा के संपर्क में आकर उपचयित हो जाते हैं, तो उनकी गंध और स्वाद खराब हो जाते हैं।
51. (ब) कैल्सियम ऑक्साइड जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करके बुझा हुआ चूना बनाता है और बहुत अधिक मात्रा में ऊष्मा उत्पन्न करता है।
52. (ब) कैल्सियम हाइड्रोक्साइड वायुमंडल की $CO_2$ के साथ धीमी अभिक्रिया करके कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) की परत बनाता है, जो दीवारों पर चमक लाता है।
53. (द) गर्म करने पर फेरस सल्फेट क्रिस्टल जल त्याग देता है, जिससे उसका हरा रंग बदल जाता है और वह फेरिक ऑक्साइड में वियोजित हो जाता है।
54. (ब) जब लेड नाइट्रेट को गर्म किया जाता है, तो नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) का भूरा धुआँ निकलता है।
55. (स) जल के वैद्युत अपघटन में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसें बनती हैं। प्रयोग में हाइड्रोजन गैस की मात्रा दूसरी (ऑक्सीजन) से दोगुनी होती है।
56. (अ) सिल्वर क्लोराइड (AgCl) और सिल्वर ब्रोमाइड (AgBr) सूर्य के प्रकाश में वियोजित हो जाते हैं। इस गुण का उपयोग पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी में होता था।
57. (स) जिन अभिक्रियाओं में अभिकारकों को तोड़ने के लिए ऊष्मा, प्रकाश या विद्युत के रूप में ऊर्जा की आवश्यकता होती है, वे ऊष्माशोषी कहलाती हैं।
58. (स) कॉपर चूर्ण को वायु में गर्म करने पर ऑक्सीजन का योग होता है, जिससे काले रंग का कॉपर (II) ऑक्साइड बनता है।
59. (स) जिन अभिक्रियाओं में एक अभिकारक उपचयित और दूसरा अपचयित होता है, उन्हें उपचयन-अपचयन या रेडॉक्स अभिक्रियाएँ कहते हैं।
60 (ब) जैविक कचरे का अपघटन होकर खाद बनना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसमें ऊर्जा (ऊष्मा) का उत्सर्जन होता है।
61. (ब) फ्रांसीसी कलाकार फ्रेडरिक सॉरयू ने 1848 में चार चित्रों की श्रृंखला बनाई थी, जिसमें उन्होंने एक ऐसे संसार की कल्पना की जो जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्रों से बना था।
62. (स) युटोपिया या कल्पनादर्श एक ऐसे अत्यंत आदर्श समाज का विचार है जिसे धरातल पर उतारना या वास्तविकता में बदलना लगभग असंभव माना जाता है।
63. (द) रेनन ने इस विचार की आलोचना की थी कि राष्ट्र केवल भाषा या धर्म से बनता है। उनके अनुसार, राष्ट्र साझा गौरवशाली अतीत और वर्तमान की साझा इच्छा का परिणाम है।
64. (ब) 1789 में क्रांति से पहले फ्रांस के संपूर्ण भू-भाग पर एक निरंकुश राजा का आधिपत्य था। क्रांति के बाद सत्ता राजतंत्र से नागरिकों के समूह में चली गई।
65. (ब) इसे 1804 की नागरिक संहिता भी कहा जाता है। इसने कानून के समक्ष समानता स्थापित की और संपत्ति के अधिकार को सुरक्षित बनाया।
66. (स) जॉलवेराइन एक शुल्क संघ था जिसने जर्मन राज्यों के बीच व्यापारिक बाधाओं को कम किया और मुद्राओं की संख्या 30 से घटाकर 2 कर दी।
67. (ब) ऑस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मैटरनिख ने इस सम्मेलन की मेजबानी की थी, जहाँ नेपोलियन द्वारा किए गए बदलावों को खत्म कर पुरानी रूढ़िवादी व्यवस्था बहाल करने की योजना बनी।
68. (स) मेत्सिनी ने दो प्रमुख संगठन बनाए थेः मार्सेई में 'यंग इटली' और बर्न में 'यंग यूरोप'। इनका उद्देश्य इटली का एकीकरण और गणतंत्र बनाना था।
69. (स) प्रशा के प्रमुख मंत्री ऑटो वॉन बिस्मार्क ने प्रशा की सेना और नौकरशाही की मदद से सात वर्षों में तीन युद्ध जीतकर जर्मनी के एकीकरण को पूरा किया।
70. (ब) जर्मेनिया जर्मन राष्ट्र का रूपक बनी। वह बलूत (Oak) के पत्तों का मुकुट पहनती है क्योंकि जर्मन संस्कृति में बलूत वीरता का प्रतीक माना जाता है।
71. (स) ड्यूक मैटरनिख ने यह टिप्पणी फ्रांस की क्रांति के यूरोप पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाने के लिए की थी।
72. (ब) 1832 की कुस्तुनतुनिया (Constantinople) की संधि ने यूनान को ऑटोमन साम्राज्य से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी।
73. (ब) मेत्सिनी ने मार्सेई में 'यंग इटली' और बर्न में 'यंग यूरोप' की स्थापना की थी।
74. (स) गॉटफ्रीड जैसे रूमानी चिंतकों का मानना था कि राष्ट्र की सच्ची आत्मा (Volkgeist) लोकगीतों और लोक परंपराओं के माध्यम से आम जनता में बसती है।

75. (स) 1848 के जन विद्रोह और आर्थिक कठिनाइयों के कारण लुई फ़िलिप को भागने पर मजबूर किया गया और फ्रांस को एक गणतंत्र घोषित किया गया।
76. (ब) 831 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने फ्रैंकफर्ट शहर के सेंट पॉल चर्च में अपनी पहली संसद आयोजित की थी।
77. (अ) जनवरी 1871 में वर्साय के महल में हुए समारोह में प्रशा के राजा विलियम प्रथम को जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया।
78. (द) कावूर ने कूटनीतिक संधियों के माध्यम से इटली के विखंडित राज्यों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
79. (ब) एक्ट ऑफ यूनियन (1707) के माध्यम से 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ़ ग्रेट ब्रिटेन' का गठन हुआ, जिससे इंग्लैंड स्कॉटलैंड पर अपना दबदबा बनाने में सफल रहा।
80. (स) बाल्कन क्षेत्र में भौगोलिक और जातीय भिन्नता थी, और ऑटोमन साम्राज्य के विघटन के कारण यहाँ बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ गई, जो अंततः प्रथम विश्व युद्ध का कारण बनी।
81. (C) The text explicitly states that the house sat on the crest of a low hill and was the only one in the entire valley.
82. (D) Lencho knew his fields well and observed that the ripe corn only needed water, specifically a downpour or at least a shower, to ensure a good harvest.
83. (C) When the rain began, Lencho exulted that the big drops were ten cent pieces and the little ones were fives, calling them "new coins." (Note: He later compares the hailstones to silver coins).
84. (B) While Lencho mentions a "plague of locusts," he does so to explain that even insects would have left more; it was the hailstorm that left nothing and totally destroyed the corn.
85. (B) Lencho wrote to God stating that he needed a hundred pesos to sow his field again and to live until the next crop came.
86. (B) The story describes the postmaster as a "fat, amiable fellow" who laughed at the letter but quickly became impressed by the sender's faith.
87. (C) The postmaster was moved by the depth of Lencho's faith and decided to answer the letter so that Lencho's belief in God would remain firm.
88. (C) Despite his best efforts to collect money from employees and friends, the postmaster could only gather seventy pesos, which he then sent to Lencho.
89. (A) Lencho believed that God had sent the full hundred pesos and that the post office employees had stolen thirty pesos. Therefore, he called them a "bunch of crooks."
90. (B) According to the glossary for the poem "Dust of Snow," a hemlock is a poisonous plant or tree with small white flowers.
91. (A) The text explicitly mentions that the inauguration took place on 10th May 1994, marking the end of more than three centuries of white rule.
92. (B) The "Before You Read" section defines 'Apartheid' as a political system that separates people according to their race.
93. (C) The ceremonies were held in the sandstone amphitheatre formed by the Union Buildings in Pretoria.
94. (C) Mandela states that while the country is rich in minerals, its greatest wealth is its people, who are "finer and truer than the purest diamonds".
95. (B) Mandela learned from his comrades that courage is not the absence of fear, but the ability to conquer it.
96. (C) The text defines every man's obligations as twofold: first to his family (parents, wife, children) and second to his people, community, and country.
97. (B) Mandela believes that both the oppressed and the oppressor are robbed of humanity; the one who takes freedom is himself a "prisoner of hatred" locked behind prejudice.
98. (C) In the natural habitat stanzas of the poem, the poet describes the tiger lurking in the shadows and sliding through grass near water holes to hunt.
99. (C) The final stanza of the poem describes the tiger in his cage at night, staring with his brilliant eyes at the brilliant stars, signifying his longing for the wild.
100. (B) The "extraordinary human disaster" refers to the long-lasting practice of Apartheid and racial domination which caused "profound hurt" to the people of South Africa.

❑❑❑

# अस्पताल सहायक (चतुर्थ श्रेणी)
# प्रैक्टिस सेट-2

**1. कवि देव का पूरा नाम क्या था और उनका जन्म कहाँ हुआ था?**
(अ) देवदत्त द्विवेदी – इटावा (ब) देवराज पाठक – काशी
(स) देवदत्त शर्मा – मथुरा (द) देवनाथ द्विवेदी – कानपुर

**2. देव को सबसे अधिक संतोष और सम्मान किस आश्रयदाता से प्राप्त हुआ?**
(अ) आजमशाह (ब) भोगीलाल
(स) औरंगजेब (द) राजा जयसिंह

**3. देव किस काल के प्रमुख कवि माने जाते हैं?**
(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल
(स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

**4. 'श्रीब्रजदूलह' शब्द कवि ने किसके लिए प्रयुक्त किया है?**
(अ) श्री राम (ब) राजा भोगीलाल
(स) श्री कृष्ण (द) बसंत रूपी बालक

**5. दूसरे कवित्त में बसंत ऋतु का वर्णन किस रूप में किया गया है?**
(अ) एक तपस्वी के रूप में
(ब) एक नवजात बालक के रूप में
(स) एक राजा के रूप में
(द) एक सखी के रूप में

**6. 'फटिक सिलानि सौं सुधारौ सुधा मंदिर' पंक्ति में 'सुधा मंदिर' की तुलना किससे की गई है?**
(अ) महल से (ब) दूध के फेन से
(स) चाँदनी रात की आभा से (द) कमल के फूल से

**7. बसंत रूपी बालक के लिए 'नजर उतारने' (राई–नोन) का टोटका कौन कर रहा है?**
(अ) कोयल
(ब) कंजकली नायिका (कमल की कली)
(स) गुलाब (द) पवन

**8. 'प्यारी राधिका को प्रतिबिंब सो लगत चंद' पंक्ति में चाँद की तुलना किससे की गई है?**
(अ) राधिका के दर्पण से
(ब) राधिका की परछाई (प्रतिबिंब) से
(स) राधिका के मुख से
(द) आकाश के दीपक से

**9. 'कवित्त' छंद की क्या विशेषता पाठ में बताई गई है?**
(अ) 24 मात्राएँ होती हैं
(ब) प्रत्येक चरण में 31 वर्ण होते हैं
(स) यह एक मात्रिक छंद है
(द) इसमें 16 मात्राएँ होती हैं

**10. 'कटि किंकिनि' शब्द का क्या अर्थ है?**
(अ) सिर का मुकुट (ब) गले का हार
(स) कमर की करधनी (आभूषण) (द) पैरों के घुँघरू

**11. जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ और कब हुआ था?**
(अ) वाराणसी – 1889 (ब) प्रयागराज – 1880
(स) लखनऊ – 1900 (द) कानपुर – 1895

**12. जयशंकर प्रसाद की किस कृति को आधुनिक हिंदी की 'श्रेष्ठतम काव्य–कृति' माना जाता है?**
(अ) झरना (ब) आँसू
(स) कामायनी (द) लहर

**13. 'आत्मकथ्य' कविता पहली बार किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?**
(अ) सरस्वती (ब) हंस
(स) मर्यादा (दा) इंदु

**14. कवि ने अपने मन की तुलना किससे की है?**
(अ) कमल से (ब) बादल से
(स) भौंरे (मधुप) से (द) आकाश से

**15. 'गागर रीती' शब्द का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है?**
(अ) पुराने बर्तन के लिए
(ब) खाली घड़े के लिए
(स) उपलब्धियों से रहित शून्य जीवन के लिए
(द) पानी के घड़े के लिए

**16. 'स्मृति पाथेय' से कवि का क्या तात्पर्य है?**
(अ) यादगार रास्ता (ब) पुरानी यादों का बोझ
(स) स्मृतियों का संबल (सहारा) (द) भूली हुई बातें

**17. जयशंकर प्रसाद किस काव्य प्रवृत्ति के प्रमुख कवि माने जाते हैं?**
(अ) प्रगतिवाद (ब) प्रयोगवाद
(स) छायावाद (द) रीतिकाल

**18. 'सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की' – यहाँ 'कंथा' का क्या अर्थ है?**
(अ) कहानी (ब) अंतर्मन या गुदड़ी
(स) रास्ता (द) जीवन

**19. हिंदी की पहली आत्मकथा किसे माना जाता है?**
(अ) सत्य के प्रयोग (ब) अर्धकथानक
(स) आलो आंधारि (द) मेरी सफलताएँ

**20. कवि ने अपनी आत्मकथा को 'भोली' क्यों कहा है?**
(अ) क्योंकि वह बहुत सुंदर है
(ब) क्योंकि वह छल–कपट से रहित है
(स) क्योंकि वह छोटी है
(द) क्योंकि वह रोचक है

**21. एक रैखिक बहुपद (Linear Polynomial) की घात (Degree) कितनी होती है?**
(अ) 0 (ब) 1
(स) 2 (द) 3

**22. द्विघात बहुपद $ax^2 + bx + c$ के शून्यकों (Zeroes) की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?**

(अ) 1 (ब) 2

(स) 3 (द) अनिश्चित

**23. बहुपद p($x$) का शून्यक वह मान $k$ होता है, जिसके लिए $p(k)$ बराबर होः**

(अ) 1 (ब) –1

(स) 0 (द) k

**24. यदि किसी द्विघात बहुपद $ax^2 + bx + c$ के शून्यक $\alpha$ और $\beta$ हों, तो शून्यकों का योग क्या होगा?**

(अ) $\frac{c}{a}$ (ब) $\frac{b}{a}$

(स) $-\frac{b}{a}$ (द) $-\frac{c}{a}$

**25. एक त्रिघात बहुपद (Cubic Polynomial) का सबसे व्यापक रूप (General Form) क्या है?**

(अ) $ax^2 + bx + c$ (ब) $ax + b$

(स) $ax^3 + bx^2 + cx + d$ (द) $ax^4 + bx^3 + c$

**26. बहुपद p($x$) के शून्यक उन बिंदुओं के $x$–निर्देशांक होते हैं, जहाँ $y$ = p($x$) का ग्राफ किस अक्ष को प्रतिच्छेद (Intersect) करता है?**

(अ) $y$–अक्ष (ब) $x$–अक्ष

(स) मूल बिंदु (Origin) (द) इनमें से कोई नहीं

**27. द्विघात बहुपद $ax^2 + bx + c$ का ग्राफ (आलेख) किस आकार का होता है?**

(अ) सरल रेखा (ब) वृत्त

(स) परवलय (Parabola) (द) दीर्घवृत्त

**28. रैखिक बहुपद $ax + b$ का शून्यक क्या होता है?**

(अ) $\frac{b}{a}$ (ब) $\frac{a}{b}$

(स) $-\frac{b}{a}$ (द) $-\frac{a}{b}$

**29. यदि किसी द्विघात बहुपद के शून्यकों का गुणनफल ज्ञात करना हो, तो सूत्र होगाः**

(अ) $-\frac{b}{a}$ (ब) $\frac{c}{a}$

(स) $\frac{a}{c}$ (द) $-\frac{c}{a}$

**30. त्रिघात बहुपद $ax^3 + bx^2 + cx + d$ के शून्यकों का गुणनफल क्या होता है?**

(अ) $\frac{c}{a}$ (ब) $-\frac{b}{a}$

(स) $\frac{d}{a}$ (द) $-\frac{d}{a}$

**31. यदि किसी द्विघात बहुपद के शून्यक 1 और 4 हों, तो वह बहुपद कौन–सा होगा?**

(अ) $x^2 - 3x - 4$ (ब) $x^2 + 3x - 4$

(स) $x^2 - 5x + 4$ (द) $x^2 + 5x + 4$

**32. त्रिघात बहुपद $x^3 - 4x$ के शून्यक कौन–कौन से हैं?**

(अ) 1, 2, 3 (ब) –2, 0, 2

(स) 0, 1, 4 (द) –1, 0, 1

**33. बहुपद $p(x) = ax^2 + bx + c$ में यदि $a > 0$ हो, तो परवलय (Parabola) का मुँह किस ओर खुलेगा?**

(अ) नीचे की ओर (ब) बाईं ओर

(स) दाईं ओर (द) ऊपर की ओर

**34. यदि द्विघात बहुपद के शून्यक $\alpha$ और $\beta$ हों, तो $k[x^2 - (\alpha + \beta)x + \alpha \times \beta]$ किसे निरूपित करता है?**

(अ) त्रिघात बहुपद को (ब) रैखिक बहुपद को

(स) द्विघात बहुपद को (द) अचर पद को

**35. किसी बहुपद का ग्राफ $x$–अक्ष को जितने बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करता है, उसके शून्यकों की संख्या कितनी होती है?**

(अ) बिंदुओं की संख्या के बराबर (ब) हमेशा 1

(स) हमेशा 2

(द) बिंदुओं की संख्या से एक कम

**36. बहुपद $x^2 - 3$ के शून्यक निम्नलिखित में से कौन से हैं?**

(अ) 3, –3 (ब) $\sqrt{3}, 3$

(स) $\sqrt{3}, -\sqrt{3}$ (द) 0, 3

**37. एक त्रिघात बहुपद के शून्यकों का योग किसके बराबर होता है?**

(अ) $\frac{c}{a}$ (ब) $-\frac{b}{a}$

(स) $-\frac{d}{a}$ (द) $\frac{d}{a}$

**38. द्विघात बहुपद $x^2 + 7x + 10$ के शून्यकों का गुणनफल क्या होगा?**

(अ) 7 (ब) –7

(स) 10 (द) –10

**39. यदि किसी बहुपद का ग्राफ $x$–अक्ष को कहीं भी प्रतिच्छेद नहीं करता (न ही छूता है), तो उसके शून्यकों की संख्या क्या होगी?**

(अ) 1 (ब) 0

(स) अनंत (द) परिभाषित नहीं

**40. त्रिघात बहुपद में दो–दो शून्यकों को एक साथ लेकर उनके गुणनफलों का योग क्या होता है?**

(अ) $-\frac{b}{a}$ (ब) $\frac{c}{a}$

(स) $-\frac{d}{a}$ (द) $\frac{b}{a}$

**41. लिटमस विलयन, जो एक प्राकृतिक सूचक है, किस पौधे से निकाला जाता है?**
(अ) पिटूनिया | (ब) लिचेन (Lichen)
(स) हायड्रेंजिया | (द) जेरानियम

**42. जब कोई अम्ल किसी धातु के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन–सी गैस उत्सर्जित होती है?**
(अ) ऑक्सीजन | (ब) नाइट्रोजन
(स) हाइड्रोजन | (द) कार्बन डाइऑक्साइड

**43. अम्ल एवं क्षारक की परस्पर अभिक्रिया, जिसके परिणामस्वरूप लवण तथा जल प्राप्त होते हैं, क्या कहलाती है?**
(अ) विस्थापन अभिक्रिया | (ब) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(स) अपचयन अभिक्रिया | (द) संयोजन अभिक्रिया

**44. शुद्ध जल और रक्त का pH मान लगभग कितना होता है?**
(अ) 1.2 | (ब) 2.2
(स) 7.4 | (द) 10

**45. अम्लीय वर्षा तब होती है जब वर्षा के जल का pH मान कितने से कम हो जाता है?**
(अ) 7.0 | (ब) 5.6
(स) 6.5 | (द) 8.2

**46. अपच (Indigestion) के दौरान उदर में होने वाले दर्द और जलन को कम करने के लिए किस औषधि का उपयोग किया जाता है?**
(अ) एंटीबायोटिक | (ब) ऐनालजेसिक
(स) ऐन्टैसिड (Antacid) | (द) एंटीसेप्टिक

**47. नेटल (Nettle) के डंक वाले बाल कौन–सा अम्ल छोड़ते हैं, जिसके कारण जलन वाले दर्द का अनुभव होता है?**
(अ) ऐसीटिक अम्ल | (ब) ऑक्सैलिक अम्ल
(स) सिट्रिक अम्ल | (द) मेथैनॉइक अम्ल

**48. विरंजक चूर्ण (Bleaching Powder) का रासायनिक सूत्र क्या है?**
(अ) $Na_2CO_3$ | (ब) $Ca(ClO)_2$
(स) $NaHCO_3$ | (द) $CaSO_4 . 2H_2O$

**49. कठोर जल को मृदु करने के लिए किस सोडियम यौगिक का उपयोग किया जाता है?**
(अ) सोडियम क्लोराइड
(ब) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट
(स) सोडियम कार्बोनेट (धोने का सोडा)
(द) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

**50. प्लास्टर ऑफ पेरिस को जिप्सम से प्राप्त करने के लिए उसे कितने तापमान पर गर्म करना पड़ता है?**
(अ) 100 K | (ब) 273 K
(स) 373 K | (द) 500 K

**51. लिटमस विलयन जब न तो अम्लीय होता है और न ही क्षारकीय, तब यह किस रंग का होता है?**
(अ) लाल | (ब) नीला
(स) बैंगनी | (द) पीला

**52. जिंक धातु की सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) के साथ अभिक्रिया होने पर कौन–सा लवण बनता है?**
(अ) सोडियम क्लोराइड | (ब) सोडियम जिंकेट
(स) सोडियम कार्बोनेट | (द) जिंक सल्फेट

**53. अधात्विक ऑक्साइड (Non–metallic oxides) की प्रकृति कैसी होती है?**
(अ) क्षारकीय | (ब) उदासीन
(स) अम्लीय | (द) उभयधर्मी

**54. दाँतों का इनैमल (Enamel) शरीर का सबसे कठोर पदार्थ है, यह किससे बना होता है?**
(अ) कैल्सियम कार्बोनेट
(ब) कैल्सियम फॉस्फेट (कैल्सियम हाइड्रोक्सीएपेटाइट)
(स) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड
(द) सोडियम क्लोराइड

**55. मुँह के pH का मान कितने से कम होने पर दाँतों का क्षय (Decay) प्रारंभ हो जाता है?**
(अ) 7.0 | (ब) 6.5
(स) 5.5 | (द) 4.5

**56. बेकिंग सोडा (Baking Soda) का रासायनिक नाम क्या है?**
(अ) सोडियम कार्बोनेट
(ब) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट
(स) कैल्सियम सल्फेट
(द) पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड

**57. 'क्लोर–क्षार' (Chlor–alkali) प्रक्रिया में ऐनोड पर कौन–सी गैस मुक्त होती है?**
(अ) हाइड्रोजन | (ब) ऑक्सीजन
(स) नाइट्रोजन | (द) क्लोरीन

**58. क्ehmece ($CaSO_4 . 2H_2O$) में क्रिस्टलन के जल के कितने अणु उपस्थित होते हैं?**
(अ) एक | (ब) दो
(स) पाँच | (द) दस

**59. दही में कौन–सा प्राकृतिक अम्ल पाया जाता है?**
(अ) सिट्रिक अम्ल | (ब) ऐसीटिक अम्ल
(स) लैक्टिक अम्ल | (द) टार्टरिक अम्ल

**60. शुष्क बुझे हुए चूने ($Ca(OH)_2$) पर क्लोरीन की क्रिया से क्या बनता है?**
(अ) विरंजक चूर्ण | (ब) बेकिंग सोडा
(स) धोने का सोडा | (द) प्लास्टर ऑफ पेरिस

**61. गांधीजी ने किस वर्ष बिहार के चंपारण इलाके का दौरा करके दमनकारी बागान व्यवस्था के खिलाफ किसानों को संघर्ष के लिए प्रेरित किया?**
(अ) 1915 | (ब) 1916
(स) 1917 | (द) 1918

**62. 'इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल' द्वारा 1919 में पारित उस कानून का क्या नाम था, जिसके तहत राजनीतिक कैदियों को दो साल तक बिना मुकदमा चलाए जेल में रखा जा सकता था?**
(अ) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट | (ब) रॉलट एक्ट
(स) इनलैंड इमिग्रेशन एक्ट | (द) साइमन कमीशन

**63. 13 अप्रैल 1919 को जलियाँवाला बाग हत्याकांड के समय अमृतसर में किसने कमान संभाल रखी थी और मार्शल लॉ लागू किया था?**

(अ) लॉर्ड इरविन (ब) जनरल डायर

(स) सर जॉन साइमन (द) लॉर्ड माउंटबेटन

**64. महात्मा गांधी ने अपनी किस प्रसिद्ध पुस्तक (1909) में कहा था कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से ही स्थापित हुआ है?**

(अ) सत्य के प्रयोग (My Experiments with Truth)

(ब) भारत की खोज (Discovery of India)

(स) हिंद स्वराज (द) आनंदमठ

**65. असहयोग कार्यक्रम पर कांग्रेस के किस अधिवेशन (दिसंबर 1920) में स्वीकृति की मुहर लगाई गई थी?**

(अ) कलकत्ता अधिवेशन (ब) नागपुर अधिवेशन

(स) लाहौर अधिवेशन (द) बंबई अधिवेशन

**66. आंध्र प्रदेश की गूडेम पहाड़ियों में आदिवासियों का नेतृत्व करने वाले वह नेता कौन थे, जिन्हें उनके अनुयायी 'ईश्वर का अवतार' मानते थे?**

(अ) बाबा रामचंद्र (ब) अल्लूरी सीताराम राजू

(स) जतिन दास (द) एम.आर. जयकर

**67. फरवरी 1922 में महात्मा गांधी ने किस हिंसक घटना के कारण असहयोग आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया?**

(अ) जलियाँवाला बाग हत्याकांड (ब) चौरी–चौरा कांड

(स) दांडी मार्च (द) बारदोली सत्याग्रह

**68. दिसंबर 1929 में किसकी अध्यक्षता में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की मांग को औपचारिक रूप से मान लिया गया?**

(अ) महात्मा गांधी (ब) मोतीलाल नेहरू

(स) जवाहरलाल नेहरू (द) सुभाषचंद्र बोस

**69. महात्मा गांधी ने कितने अनुयायियों (वॉलंटियरों) के साथ साबरमती से दांडी तक की ऐतिहासिक 'नमक यात्रा' शुरू की थी?**

(अ) 11 (ब) 50

(स) 78 (द) 100

**70. सितंबर 1932 में डॉ. अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच हुए किस समझौते के तहत दमित वर्गों (दलितों) को विधायी परिषदों में आरक्षित सीटें दी गईं?**

(अ) लखनऊ पैक्ट (ब) गांधी–इरविन समझौता

(स) पूना पैक्ट (द) शिमला समझौता

**71. वर्ष 1859 के किस अधिनियम के तहत बागानों में काम करने वाले मज़दूरों को बिना इजाज़त बाहर जाने की छूट नहीं होती थी?**

(अ) रॉलट एक्ट (ब) इनलैंड इमिग्रेशन एक्ट

(स) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (द) गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट

**72. हिंदू–मुसलमानों को एक–दूसरे के नज़दीक लाने के लिए गांधीजी ने किस मुद्दे को उठाने का फैसला किया?**

(अ) भाषाई मुद्दा (ब) खिलाफत का मुद्दा

(स) जातिवाद का मुद्दा (द) आर्थिक मंदी का मुद्दा

**73. 'स्वराज पार्टी' का गठन कांग्रेस के भीतर किन नेताओं ने किया था?**

(अ) जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस

(ब) महात्मा गांधी और सरदार पटेल

(स) सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू

(द) मोहम्मद अली और शौकत अली

**74. साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज में किस महान नेता की मृत्यु हो गई थी?**

(अ) बिपिन चंद्र पाल (ब) लाला लाजपत राय

(स) बाल गंगाधर तिलक (द) जतिन दास

**75. दांडी मार्च साबरमती आश्रम से कितनी दूर स्थित तटीय कस्बे में जाकर समाप्त होना था?**

(अ) 100 किलोमीटर (ब) 240 किलोमीटर

(स) 400 किलोमीटर (द) 150 किलोमीटर

**76. अब्दुल गफ्फार खान, जिन्हें 'सीमांत गांधी' भी कहा जाता है, को किस महीने में गिरफ्तार किया गया था?**

(अ) मार्च 1930 (ब) अप्रैल 1930

(स) मई 1930 (द) जून 1930

**77. मद्रास में गैर–ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई किस पार्टी ने परिषद चुनावों का बहिष्कार नहीं किया था?**

(अ) स्वराज पार्टी (ब) मुस्लिम लीग

(स) जस्टिस पार्टी (द) हिंदू महासभा

**78. हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (HSRA) की स्थापना 1928 में कहाँ की गई थी?**

(अ) नागपुर (ब) बंबई

(स) दिल्ली (फिरोजशाह कोटला) (द) कलकत्ता

**79. बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1870 के दशक में मातृभूमि की स्तुति के लिए कौन–सा गीत लिखा था?**

(अ) जन गण मन (ब) सारे जहाँ से अच्छा

(स) वन्दे मातरम् (द) झंडा ऊँचा रहे हमारा

**80. गांधीजी ने ऐतिहासिक 'करो या मरो' का भाषण किस आंदोलन के अवसर पर दिया था?**

(अ) असहयोग आंदोलन (ब) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(स) चंपारण सत्याग्रह (द) भारत छोड़ो आंदोलन

**81. Why was the young seagull afraid to fly?**

(A) He thought his wings would never support him.

(B) He was too lazy to move from his ledge.

(C) He didn't like the taste of fish.

(D) His brothers and sister had not flown yet.

**82. What did the seagull's mother do to compel him to fly?**

(A) She pushed him off the ledge.

(B) She brought a piece of fish near him but halted just out of reach.

(C) She ignored him completely for two days.

(D) She caught a herring and gave it to him.

**83. In "The Black Aeroplane," where was the pilot flying to?**

(A) From England to France.